दैनिक
न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर
रायगढ़, रविवार 13 अक्टूबर 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास



### महंत रामसुंदर दास ने किया काव्य संग्रह कसौटी का विमोचन

**रायपुर (आरएनएस)।** लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी-साहित्यकार छबीलाल सोनी (सराफ) के प्रथम काव्य संग्रह-कसौटी का विमोचन सद्भावना साहित्य समिति के बैनर तले दूधाधारी मठ के महंत राजेश्री रामसुंदर दास के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर सद्भावना साहित्य समिति के मूलचंद शर्मा, लक्ष्मीनारायण लाहोटी सहित समाजसेवी एवं चेम्बर आफ कामर्स रायपुर के पदाधिकारी भरत बजाज, गीता प्रिंटिंग प्रेस के संचालक सत्यनारायण अग्रवाल सहित भिलाई, दुर्ग, रायपुर के अनेक साहित्यकार, कवि एवं लेखक उपस्थित थे। सिविल लाईन स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित विमोचन कार्यक्रम में पहुंचे राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि सोनी की काव्य संग्रह कसौटी के विमोचन पर वे स्वयं उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि यह और भी प्रसन्नता की बात है कि सोनी उनके ही मंदिर क्षेत्र मठपारा में निवासरत हैं। महंत ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक साहित्यकार और कवि होता है।

### नक्सलियों ने इंजीनियर-टेक्नीशियन सहित तीन लोगों का किया अपहरण

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा में कल प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के एक इंजिनियर, मनरेगा के एक टेक्नीकल असिस्टेंट समेत तीन लोगों का अपहरण कर लिया। पुलिस हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। मगर ये जरूर मान रही है कि तीनों कल से गायब हैं। उधर, ग्रामीणों का कहना है कि बर्दीधारी नक्सली कल गांव में आए थे। इंजीनियर और टेक्नीकल असिस्टेंट रोड का इंस्पेक्शन करने आए थे। इस दौरान उन्हें अपने साथ ले गए। ग्रामीणों ने पुलिस को इनपुट्स दिए हैं कि नक्सलियों ने अरनपुर के जंगलों में रखा है। वहीं, अपहरण की खबर के बाद पूरे दंतेवाड़ा क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। बताया जा रहा हैं कि शुक्रवार दोपहर इन तीनों का अपहरण किया गया था। इनमें एक कंस्ट्रक्शन कंपनी का मालिक बताया जा रहा है। दंतेवाड़ा के मुलेर से ककाड़ी तक सड़क बननी थी। इलाके में इसी के लिए कल तीनों गये हुये थे। तभी नक्सलियों ने अपहरण कर लिया।

### शहर के अंदर सुअर पालन पर रोक लगाएं, अन्यथा आंदोलन

**महासमुंद (आरएनएस)।** स्थानीय नयापारा वार्ड निवासी बीपी बिसाई ने शहर के अंदर सुअर पालन पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने 15 अक्टूबर तक उचित कार्रवाई न होने पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है। सीएमओ महासमुंद के नाम ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे शहर में सुअरों का स्वच्छंद विचरण हो रहा है। नालियों और कचरों के ढेर को यत्र-तत्र बिखराने और भोजन की तलाश करने वाले सुअर अब लोगों में आतंक का पर्याय बन गए हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण शासकीय जिला अस्पताल में साफदेखा जा सकता है जहां बड़ी संख्या में सुअरों ने अपना डेरा बना लिया है और अस्पताल जाने वालों को आतंकित करते हैं। बिसाई ने कहा है कि कई बार प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जा चुका है पर अब तक कोई कार्रवाई न होने से प्रतीत होता है कि पालिका को नगर की स्वच्छता और नागरिकों की असुविधा से कोई सरोकार नहीं है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर, एसपी, एसडीएम और थाना प्रभारी को दी गई है।

# रेल कॉरिडोर की पहली लाइन खरसिया-कॉरिछापर के बीच शुरू हुई गुड्स ट्रेन

**» इस लाइन पर जल्द ही यात्री ट्रेन भी होगी शुरू**

**रायपुर (आरएनएस)।** रेल कॉरिडोर की पहली लाइन खरसिया-कॉरिछापर के बीच गुड्स ट्रेन की शुरूआत आज से हो गई। इस ट्रेन के जरिए फिलहाल 8 हजार मीट्रिक टन कोयले का परिवहन किया जाएगा।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खरसिया-कॉरिछापर के बीच शुरू हुई पहली लाइन में आज कोयले का पहला रैक विद्युत कंपनी माड़वा पावर प्लांट और दूसरा रैक एनटीसीपी पावर प्लांट का भेजा गया है। शुरूआती कुछ दिनों तक इस लाइन में सिर्फ दो रैक चलाया जाएगा। खरसिया और कॉरिछापर के बीच 44 किलोमीटर लंबी दोहरी लाइन बिछायी गई है। हालांकि अभी रेल परिचालन के लिए सिंगल लाइन की अनुमति दी गई है। छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे कॉरिडोर लिमिटेड के अधिकारियों ने बिना किसी तामझाम के टेस्टिंग के आधार पर मालगाड़ी का परिचालन प्रारंभ कर दिया। कॉरिछापर से रोज दो रैक कोयला परिवहन किया जाएगा।



ज्ञात हो कि ये खरसिया-कॉरिछापर के बीच बनी लाइन धरमजयगढ़ तक बढ़ाया जाना प्रस्तावित है। खरसिया से धरमजयगढ़ के बीच यात्री ट्रनों के परिचालन के लिए छह स्टेशन गुरदा, छाल, घरघोड़ा, कॉरिछापर, कुटुमकेला और धरमजयगढ़ पड़ेंगे। करीब 74 किलोमीटर की इस लाइन पर 7 बड़े और 90 छोटे ब्रिज बनाए गए हैं।



## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कोरबा में लाइफ लाइन एक्सप्रेस और मेगा हेल्थ कैंप का शुभारंभ किया

**रायपुर (आरएनएस)।** चलित रेल अस्पताल की सुविधाओं का लिया जायज़ा... डाक्टरों से की बात... मरीज़ों से पूछा हाल। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित आम सभा में 271 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह, राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़, भारी मात्रा में नक्सल सामग्री सहित विस्फोट बरामद

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के अंदरूनी इलाकों में फिर एक बार नक्सलियों की धमक सुनाई दी है। कई महिनों तक शांत रहने वाले माओवादी समय-समय पर अपनी मौजूदगी दर्ज कर क्षेत्र में अशांति का माहौल पैदा कर रहे हैं। जिले के मानपुर थाना क्षेत्रांर्गत बुकमरका जंगल की पहाड़ी में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर प्रकाश में आई है। पुलिस के जवान बुकमरका जंगल-पहाड़ी इलाके में गश्त कर रहे हैं। समीपस्थ ग्राम सुडियाल में घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों पर फायरिंग करनी शुरू दी। जवाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस और सुरक्षाबल के जवानों ने मोर्चा संभाला और दोनों तरफ से फायरिंग शुरू हो गई। इसी बीच नक्सली जंगल की आड़ लेकर फरार हो गए। जवानों को घटनास्थल से कुकर आईडी, सोलर प्लेट, 8 नग पिठ्ठु, बैटरी, विद्युत वायर और बर्तन सहित दैनिक उपयोग का सामान बरामद किए हैं। जिसे नक्सली छोड़कर भाग खड़े हुए। इधर मुठभेड़ की सूचना जैसे ही पुलिस ने आला अधिकारियों को मिली मौके पर अतिरिक्त बल रवाना कर दी गई है। बताया जाता है कि इलाके में अभी भी कई स्थानों पर पुलिस के जवान मोर्चा संभाले हुए हैं और नक्सलियों की खोजबीन की जा रही है।

## विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व की अंतिम डोली विदाई की रस्म सम्पन्न

**जगदलपुर (आरएनएस)।** 75 दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिध्द बस्तर दशहरा पर्व की आज अंतिम डोली विदाई की रस्म अदा की गई,शहर के गीदम रोड स्थित जिया डेरा मंदिर मे मां मावली माता को माटी पूजारी बस्तर राजकुमार और स्थानीय लोगो द्वारा पूजा अर्चना कर मावली देवी के डोली को विदा किया गया, इस मौके पर शहर मे विशाल कलश यात्रा निकाली गई, माता के डोली को विदा करने शहर मे लोगो का जनसैलाब उमड पडा, पंरपरानुसार इस महत्वपूर्ण रस्मअदा के बाद ही बस्तर दशहरा पर्व की समाप्ति होती है।



आज दशहरा पर्व की अंतिम डोली विदाई की रस्म अदा की गई, पंरपरानुसार इस रस्म मे कालांतर समय से बस्तर के राजा अन्नम देव बस्तर दशहरा के इस आखिरी रस्म मे मावली माता को विदाई देने राजमहल से 3 कि.मी पैदल चलकर और बडे धूमधाम से भव्य शोभा यात्रा निकालकर जिया डेरा मंदिर मे माता की पूजा अर्चना कर विदाई देते थे, वर्तमान समय मे आज भी रस्म को विधी विधान से निभाया जाता है, गाजे बाजे के साथ माता के डोली को बंदूक से सलामी दी गई, बस्तर के राजकुमार कमलचंद भंजदेव ने मावली माता कि विधी विधान से पूजा अर्चना कर डोली को दंतेवाडा के लिए विदा किया।

मावली परघाव रस्म मे पंरपरागत भव्य रूप से मावली माता के डोली का स्वागत करने के पश्चात डोली को चार दिनो तक मांई दंतेश्वरी के मंदिर परिसर मे रखा जाता है, जंहा डोली के दर्शन के लिए बडी संख्या मे भक्तो की भीड उमडती है, जिसके बाद विश्व प्रसिध्द बस्तर दशहरा पर्व की समाप्ति होती है।

### गले में हथियार अड़ाया, घंटेभर बाद पकड़ पाई पुलिस

**महासमुंद (आरएनएस)।** आदर्श नगर बसना में बुधवार शाम युवक ने जमकर हंगामा मचाया। युवक पर काबू पाने पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी, इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई। दरअसल, युवक ने अपने दोस्त के गले में लोहे का कत्तानुमा हथियार अड़ा दिया और करीब घंटे भर तक हंगामा किया। बसना के राजू यादव के मुताबिक बुधवार शाम 7 बजे उसके दोस्त प्रेमसिंग ने फोन कर बुलाया। जिससे मिलने के लिए उसके घर चला गया। घर पहुंचने पर प्रेमसिंग के पास कत्तानुमा हथियार देख वह डर गया। वापस घर जाने की बात कहने पर प्रेम सिंग ने गले पर लोहे का हथियार अड़ा दिया।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
पीड़ित संपर्क करें
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090